## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 19.09.2025**

- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से पैसा कमाने का झांसा देकर 15,500 रुपये फ्राड कर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 15,500 रुपये को वापस कराया गया ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री जय सरकार पुत्र अमरजीत निवासी महेन्द्र नगर 3, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 18.08.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से पैसा कमाने का झांसा देकर शिकायतकर्ता से यू.पी.आई. के माध्यम से 15,500 रुपये फ्राड कर साइबर ठगी की गयी थी, जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कुल धनराशि 15,500/-रुपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गई। थाना रसूलाबाद पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना रसूलाबाद पुलिस को धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे ।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹ 15,500/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस